उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 20 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1924
( दिनांक : 10 जून, 2002 )

समय : 11:00 बजे पूर्वाहन्

1. प्रश्न (देखिए नत्थी "क")

2. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "ख")।

3. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी "ग")।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरूद्धीकरण व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. विशेषाधिकार के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

7. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों। (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"घ")

8. कार्य-स्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

9. निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुत किया जानाः-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
| --- | --- |
| 1. श्री प्रकाश पंत<br>2. श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>3. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>4. श्री अजय भट्ट<br>5. श्री मदन कौशिक | "यह सदन उत्तरांचल पंचायत अध्यादेश, 2002 का अननुमोदन करता है।" |

--2

10. पंचायती राज मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 पर विचार किया जाय (रूप भेद के लिए देखिए नत्थी "ङ")।

11. पंचायती राज मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 पारित किया जाय।

12. वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

13. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

14. जनपद देहरादून की बिगड़ती यातायात की समस्या से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री हरबंस कपूर, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 4 जून, 2002 को दी गई सूचना पर परिवहन मंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

15. जनपद चमोली के गैरसैण में अपर शिक्षा निदेशक का कार्यालय संचालित न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री अनिल नौटियाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 4 जून, 2002 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य।

16. जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर क्षेत्र में पंचायत भवन न बनने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 5 जून, 2002 को दी गई सूचना पर पंचायती राज मंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून
दिनांक : 10 जून, 2002

( महेश चन्द्र )
सचिव।

# नत्थी (क)

द्वितीय सत्र, 2002
का द्वितीय सोमवार

(उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 1958, के नियम 29 (4) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त तारांकित प्रश्न)

श्री बलबीर सिंह नेगी
29–05–2002

*1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल शासन के नियोजन विभाग द्वारा निर्गत नियुक्ति–शासनादेश संख्या : 1128/स्था0(ए0)/2001–2002, दिनांक देहरादून 28 सितम्बर 2001 तथा शहरी विकास विभाग द्वारा निर्गत नियुक्ति–शासनादेश संख्या : 4684/शहरी–विकास/2001–492/2001, दिनांक 01 मार्च, 2002 के सन्दर्भ में यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार का कार्मिक विभाग उक्त श्रेणी अभ्यर्थियों की भी शीघ्र नियुक्तियां किए जाने पर निर्णय लेगा जिनका उत्तरांचल राज्य गठन से पूर्व उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पर्वतीय उप संवर्ग के अन्तर्गत उत्तरांचल में नियुक्ति हेतु चयन और संस्तुति की गई है और जिनका शासन के आदेश पर राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं पुलिस विभाग द्वारा चरित्र सत्यापन भी कराया जा चुका हैं ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ?

कार्मिक

# नत्थी (ख)

द्वितीय सत्र, 2002
का द्वितीय सोमवार

## –: अल्पसूचित प्रश्न :–

श्री मातबर सिंह कण्डारी
29–05–2002

**1. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों के क्षेत्रों के परिसीमन पर क्या सरकार विचार कर रही है ? क्या सरकार बड़ी ग्राम पंचायतों तथा ऐसे ग्रामों की, जो अपनी ग्राम सभा से 5 कि.मी. दूरी पर स्थित हैं, अलग ग्राम सभा बनाने पर विचार कर रही है ?

पंचायती राज

काज़ी निजामुद्दीन
30–05–2002

**2. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के छात्रों के लिए उ0प्र0 के मेडिकल कालेजों में 2002–2003 के लिए कितना कोटा निर्धारित हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी की उत्तरांचल के एलोपौथिक, यूनानी, आर्युवैदिक तथा होम्योपैथिक मेडिकल कालेज में कितनी–कितनी सीटे हैं ? क्या सरकार उत्तरांचल के मेडिकल कालेजों में छात्र–छात्राओं की सीटे बढ़ा रही है ? यदि हाँ, तो कितनी ? यदि नही, तो क्यों ?

चिकित्सा शिक्षा

# नत्थी (ग)

द्वितीय सत्र, 2002
का द्वितीय सोमवार

## —: तारांकित प्रश्न :—

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>12—04—2002 | *1. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के वरिष्ठ रंग कर्मियों, साहित्यकारों तथा कला जगत की अन्य विधाओं में सेवारत कलाकारों को सरकार पेंशन देने पर विचार कर रही हैं ? यदि हाँ, तो योजना का स्वरूप क्या है तथा यह कब से प्रारम्भ हो जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16—04—2002<br>श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29—04—2002<br>श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>06—05—2002 | *2. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 02 अक्टूबर, 1994 को मुजफ्फरनगर कांड में घायल हुए आन्दोलनकारियों को राजकीय सेवा प्रदान करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है ? यदि हाँ, तो उक्त कांड में घायल व्यक्तियों को कब तक राजकीय सेवायें प्रदान कर दी जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | कार्मिक |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18—04—2002<br>श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29—04—2002 | *3. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल आन्दोलन अवधि में कितने आन्दोलनकारियों पर मुकदमें दायर किए गये ? कितनो पर मुकदमें चल रहें हैं ? कितनों के मुकदमें वापस लिए गये ? सरकार शेष आन्दोलनकारियों के मुकदमे कब तक वापस लेने जा रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | गृह |
| काजी निजामुद्दीन<br>23—04—2002 | *4. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में पूर्व विधायकों की विधायक निधि से स्वीकृत कितने विकास कार्यो का कार्य आरम्भ नही हुआ है ? क्या सरकार इन अधूरे कार्यो को पूरा करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दूसरा मंगल के तारां0 9 मे स्था0 |
| श्री मदन कौशिक<br>24—04—2002 | *5. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को सुधारने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नही, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री अजय भट्ट<br>02—05—2002 | *6. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों के स्थानान्तरण की कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हाँ, तो कर्मचारियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा सत्र से पूर्व इस नीति का क्रियान्वयन कर दिया दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सामान्य प्रशासन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>01–05–2002 | *7. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि द्वितीय विश्व युद्ध के सेनानियों की पेंशन में बढ़ोतरी किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो कब तक और कितनी बढ़ोतरी की जाएगी ? यदि नही, तो क्यों ? | छठे शुक्रवार के तारां 4 में स्था0 |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>06–05–2002 | *8. अस्पष्टता के आधार पर निरस्त | ऊर्जा |
| श्री हरबंस कपूर<br>10–05–2002 | *9. क्या उद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल में ऐसी कितनी लघु औद्योगिक इकाइयाँ हैं जो किसी न किसी कारण से बन्द हैं ? क्या बन्द इकाइयों को चालू करने हेतु कोई नीति शासन के विचाराधीन है ? यदि नही, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>15–05–2002 | *10. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जन साधारण को सस्ता एवं सुलभ न्याय देने के लिए सरकार हाई कोर्ट की सर्किट बैंच देहरादून, रूड़की अथवा हरिद्वार में से किसी एक शहर में स्थापित किये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | न्याय |
| श्री दिनेश अग्रवाल<br>16–05–2002 | *11. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल में न्यायिक अधिकरियों की संख्या बहुत न्यून होने के कारण कई वाद लम्बित पड़े हुए हैं ? यदि हाँ, तो इन पदों पर अविलम्ब न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति किए जाने के संबन्ध में सरकार कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | न्याय |
| श्री शहजाद<br>20–05–2002 | *12. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्रतिदिन कितनी यूनिट जल विद्युत उत्पादन होता है तथा प्रति यूनिट कितनी लागत आती है ? क्या प्रदेश के पास अपनी कुल खपत से अधिक विद्युत है ? यदि हाँ, तो सरप्लस विद्युत की आपूर्ति कहाँ की जा रही है ? | ऊर्जा |
| श्री योगम्बर सिंह रावत<br>20–05–2002<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>29–05–2002 | *13. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश के विकल्पधारी शिक्षकों/कर्मचारियों को कार्यमुक्त कर सरकार उत्तरांचल के शिक्षित बेरोजगारों को नियुक्तियां प्रदान करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | सामान्य प्रशासन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>20–05–2002 | *14. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में बैकों द्वारा दिए जा रहे किसान क्रैडिट कार्डो में स्टाम्प ड्यूटी लगाई जा रही है ? यदि हाँ, तो कितनी तथा कब से ? क्या सरकार स्टाम्प ड्यूटी कम करने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | वित्त |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>21–05–2002 | *15. अस्पष्टता के आधार पर निरस्त | वित्त |
| श्री माल चन्द्र<br>21–05–2002 | *16. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत बनायी जाने वाली धौला लघु जल परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि नही, तो इस परियोजना के निर्माण में विलम्ब के क्या कारण हैं ? सरकार इस परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वित किये जाने हेतु क्या कार्यवाही कर रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री अरविन्द पाण्डे<br>22–05–2002 | *17. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर की समस्त चीनी मिलों में कौन सा वेतनमान लागू है ? क्या यह सत्य है कि विगत कई वर्षो से वेतनमान को पुनरीक्षण नही किया गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद की समस्त चीनी मिलों में वर्तमान मंहगाई के अनुपातिक तर्कसंगत वेतनमान लागू किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | गन्ना विकास |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>22–05–2002 | *18. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य गठन के समय उत्तरांचल और उत्तर प्रदेश में सेवा करने के इच्छुक विभिन्न श्रेणी के कर्मियों से विकल्प मांगे गये थे ? यदि हाँ, तो इसकी अंतिम तिथि क्या थी ? क्या अन्तिम तिथि के बाद भी विभिन्न विभागों में नये सिरे से विकल्प मांगे जा रहें हैं ? यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है? | कार्मिक |

## अतारांकित

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>01–05–2002 | 1. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में ग्राम अटल में सन् 1991 में विद्युतीकरण किया गया था ? यदि हाँ, तो क्या विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है तथा इससे कितने परिवार लाभान्वित हो रहें हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>01–05–2002 | 2. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि सरकार द्वारा विभागों का पुर्नगठन का कार्य पूर्ण कर दिया गया है ? यदि हाँ, तो अभी तक किन–किन विभागों का पुर्नगठन कर दिया गया है तथा किन विभागों का पुर्नगठन शेष है ? विभागों के पुर्नगठन का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ? | सामान्य प्रशासन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>01–05–2002 | 3. क्या मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग स्थित श्री अ0 प्र0 बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में विज्ञान संकाय भवन एवं "बाउंडरी वाल" के निर्माण की कोई योजना शासन के विचाराधीन हैं ? यदि हाँ, तो यह निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>02–05–2002 | 4. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्युत बिलों के वितरण की वर्तमान मे क्या व्यवस्था है ? क्या सभी उपभोक्ताओं को विद्युत बिल समय पर उपलब्ध कराए जाने हेतु कोई त्रुटि रहित व्यवस्था की गई है ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| काज़ी निजामुद्दीन<br>06–05–2002 | 5. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेगे कि जनपद हरिद्वार में कुल कितने आँगनबाडी केन्द्र संचालित हैं ? क्या इन केन्द्रों पर कार्य करने वाली महिला कार्यकत्रियों का माह जनवरी 2002 से मानदेय का भुगतान नही हुआ है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने की व्यवस्था करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | बाल विकास |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>04–05–2002 | 6. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ की ग्राम पंचायत ऐराडी–दुदिला में वर्ष 1986 तथा साह–गराऊ बेसर में वर्ष 1996 में एल.टी. पोल गाड़े गये ? परन्तु आज तक इन पोलो पर विद्युत लाईन नही खीची गयी ? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन ग्राम पंचायतों में विद्युतीकरण करोयगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| काज़ी निजामुद्दीन<br>04–05–2002 | 7. क्या कारागार मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के जिला कारागार हरिद्वार और उप कारागार रूड़की में कुल कितने बंदी रखने की क्षमता है तथा वर्तमान समय में इन जेलों मे क्रमशः कितने बंदी हैं ? | गृह |
| काज़ी निजामुद्दीन<br>06–05–2002 | 8. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के गठन से लेकर 30 अप्रैल 2002 तक गन्ना समिति रूड़की जनपद हरिद्वार को कितनी आय प्राप्त हुई तथा प्राप्त आय किन मदों पर खर्च की गई ? | गन्ना विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कुँवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन'' 06–05–2002 | 9. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ब्लाक खानपुर, जनपद हरिद्वार के क्षेत्र में कानून व्यवस्था नियन्त्रण हेतु मात्र एक पुलिस चौकी गोर्वधनपुर है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार खानपुर जनपद हरिद्वार में अविलम्ब थाना खोलने पर विचार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | गृह |
| श्री मदन कौशिक 15–04–2002 | 10. क्या वित्त मंत्री यह बताने की कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में संस्कृत विद्यालयों के अध्यापकों को अन्य अध्यापकों की भांति पंचम् वेतन मान दिया गया है ? यदि नही तो, कब तक यह वेतनमान दिया जायेगा ? | वित्त |
| श्री हरबंस कपूर 13–05–2002 | 11. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि एम.डी.डी.ए द्वारा निर्मित आवासीय योजनाओं के अन्तर्गत किस श्रेणी के कितने आवासों का निर्माण किया गया है ? क्या निर्माण किये गये सभी आवास आवंटित कर दिये गये हैं ? यदि नही, तो क्यों ? क्या रिक्त आवासों को शीघ्र आवंटित करने की कोई कार्यवाही की जाएगी ? यदि नही, तो क्यों ? | आवास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 13–05–2002 | 12. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सभी टिहरी बाँध विस्थापितों को उचित मुआवजा दिया गया है ? क्या यह सत्य है कि किरायेदारो, दुकानदारों को साख भत्ता दिया गया है ? जबकि भूस्वामियों को साख भत्ता नही दिया गया ? क्या सरकार द्वारा टिहरी बाँध विस्थापितों को जो भूखण्ड आवंटित किये गये थे उन भूखण्डों पर उनको भूमिधरी अधिकार प्राप्त करा दियें जायेंगे ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | द्वितीय बुध के अता0 20 में स्था0 |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 13–05–2002 | 13. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्युत उपभोक्ताओं को प्रत्येक बिल में 50 रूपये अधिभार के रूप मे देना पड़ा है ? यदि हाँ, तो क्या यह अधिभार उन उपभोक्ताओं से भी लिया जाता है जिनको बिना मीटर रीडिंग के बिल दिये जाते है ? क्या सरकार इस अधिभार को समाप्त करने पर विचार कर रही है ? | ऊर्जा |
| श्री हरबंस कपूर 13–05–2002 | 14. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एम.डी.डी.ए द्वारा अपनी योजनाओं के अन्तर्गत अब तक कितनी दुकानों का निर्माण तथा आवंटन किया है ? आवंटित न की गयी दुकानों के आवंटन हेतु कोई विशेष योजना विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>15–05–2002 | 15. क्या वित्त मंत्री को जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध रूप से सामान के लाने व ले जाने से प्रदेश को व्यापार कर की हानि हो रही है ? यदि हाँ, तो इसे प्रभावी ढ़ंग से रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की जा रही है ? यदि हाँ, तो कब तक ? | वित्त |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16–05–2002 | 16. क्या उद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि रामगढ़ जिला नैनीताल में फूड प्रोसेसिंग सेन्टर चिराग कम्पनी को किस दर पर कितने वर्ष के लिए किराए पर दिया गया था ? वर्तमान में उक्त फूड प्रोसेसिंग सेन्टर रामगढ़ को कौन चला रहा है ? | उद्योग |
| श्री हरबंस कपूर<br>17–05–2002 | 17. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरीय क्षेत्र में उपलब्ध नजूल भूमि को फ्री होल्ड में परिवर्तित करने हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोई सेल्फ एसेंसमेन्ट योजना लागू की गई थी ? यदि हाँ, तो इस योजना का लाभ उठाने हेतु कितने आवेदन कर्त्ताओं ने आवेदन किया था उनमें से कितने लोगों के प्रकरणों का निस्तारण किया गया और कितने शेष हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे की योजना की शर्तों के अनुसार कितने आवेदनकर्त्ताओं ने कुल शुल्क का 25 % जमा किया है जिनकी लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में परिवर्तित नही किया गया है ? क्या मंत्री जी इसके लिए दोषी कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेंगे ? यदि नही, तो क्यों ? | आवास |
| श्री अनिल नौटियाल<br>22–05–2002 | 18. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के गैरसैण महाविद्यालय में प्रवक्ता पदों पर नियुक्ति का प्रकरण शासन के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? यदि नही, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>18–05–2002 | 19. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में माणी–धामी दाखिम में 1990 में विद्युत लाइन बिछाई गयी थी ? यदि हाँ, तो क्या दाखिम में कितने परिवारों को विद्युत आपूर्ति की जा रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री शहजाद<br>20–05–2002 | 20. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि 01 जनवरी, 2001 से अब तक जनपद हरिद्वार में कितने शस्त्र लाईसेंस जारी किये गये हैं तथा वर्तमान में कितने प्रार्थना पत्र शस्त्र लाईसेंस हेतु लम्बित हैं तथा इन प्रार्थना पत्रों को कब तक निस्तारित कर दिया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री शहजाद<br>20–05–2002 | 21. क्या न्याय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना तैयार की गयी है ? यदि हाँ, तो उसकी रूपरेखा क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | न्याय |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>17–05–2002 | 22. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि संस्कृत भाषा के उत्थान एवं उन्नयन हेतु सरकार की क्या योजना है ? यदि नही, तो क्यों ? | द्वितीय गुरूवार के अता0 28 में स्था0 |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16–05–2002 | 23. क्या उद्योग मंत्री को ज्ञात है कि हिलट्रान को प्रतिवर्ष कितना घाटा हो रहा है ? क्या प्रतिवर्ष करोड़ों रूपये का घाटा हो रहा है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार हिलट्रान को घाटे से उबारने के लिए कोई कार्य योजना बना रही है ? यदि नही, तो क्यों ? क्या यह भी सत्य है कि हिलट्रान ने 10–12 वर्ष पहले 6,88,000 रूपये दिल्ली की इलैक्ट्रानिक्स कम्पनी को सामान खरीदने को दिए थे किन्तु उस कम्पनी से कुछ भी सामान नही खरीदा गया ? क्या उक्त धनराशि की वसूली कर ली गई है ? यदि नही, तो इसके लिए कौन दोषी हैं ? क्या सरकार दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कोई ठोस कदम उठायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | तृतीय मंगलवार के अता0 4 में स्था0 |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16–05–2002 | 24. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिल्ट्रान ने 2000 एच.एम.टी. की घड़ियां लखनऊ में किसी फर्म के पास ठीक करने के लिए आज से 8 वर्ष वर्ष पूर्व दी थी ? क्या उक्त घड़ियाँ हिल्ट्रान में प्राप्त हो गयी हैं ? क्या यह भी सत्य है कि आज से 8 वर्ष पूर्व हिल्ट्रान ने लखनऊ बाजार में तीन करोड़ से अधिक के टी.वी., रेडियों, टेपरिकार्ड उधार में विभिन्न दुकनदारों को बेचे थे ? यदि हाँ, तो बेचे गए सामान से प्राप्त रकम हिल्ट्रान को प्राप्त हो गयी है ? यदि नही, तो क्या सरकार उक्त कार्य में लिप्त अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ दण्ड़ात्मक कार्यवाही करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | तृतीय मंगलवार के अता0 5 में स्था0 |
| श्री अरविन्द पाण्डे<br>22–05–2002 | 25. क्या गन्ना विकास मंत्री को ज्ञात है कि जनपद उधमसिंह नगर की समस्त चीनी मिलों में अन्य विभागों की तरह मृतक आश्रित के रोजगार से सम्बन्धित शासनादेश लागू हैं ? यदि हाँ, तो वर्ष 1995 से आज तक कितने मृतक आश्रितों को सेवायोजित किया गया ? यदि नही, तो क्यों ? | गन्ना विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>20–05–2002 | 26. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दून वैली आफिसर्स को–आपरेटिव सोसाइटी लि0 बसन्त विहार देहरादून के सदस्य संख्या– 1059, 1116, 1117, 1118, 1132 तथा 1133 किस तिथि को समिति के सदस्य बने तथा किस तिथि को उनके भूखण्ड आंवटित किए गए ? क्या यह सही है कि इनके पूर्व सदस्य बने व्यक्तियों को अभी तक भूखण्ड आवंटित नही किए गए हैं ? समिति द्वारा इस विभेद के क्या कारण है ? क्या सरकार उक्त समिति द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं के लिए संचालक मण्डल को भंग करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | दूसरे गुरूवार के अता0 27 स्था0 में |
| श्री प्रकाश पंत<br>20–05–2002 | 27. अस्पष्टता एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त | स्टाम्प |
| श्री प्रकाश पंत<br>20–05–2002 | 28. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में वर्ष 2001 में एम0बी0बी0एस0 कोर्स में कितने प्रकरणों में फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर प्रवेश दिए गए हैं ? यदि हाँ, तो ऐसे प्रकरण कितने हैं तथा काउन्सलिंग बोर्ड के किन–किन अधिकारियों की संस्तुति पर यह प्रवेश दिए गए हैं ? क्या सरकार त्रुटिपूर्ण प्रवेश की संस्तुति करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री हरबंस कपूर<br>20–05–2002 | 29. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून नगर के अनेक क्षेत्रों में पथ प्रकाश के लिए लगाये गये सोडियम लैम्प/टयूब लाइट को दिन में बन्द करने के लिए सरकार सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करेगी तथा अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | द्वितीय मंगलवार के 52 मे स्था0 |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>20–05–2002 | 30. क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय बेरीनाग पिथौरागढ़ में वर्ष 1993 में सेवानिवृत कर्मियों में से किन कर्मियों के पेन्शन एरियर भुगतान के प्रकरण कब से लम्बित हैं ? लम्बित प्रकरणों का निस्तारण कर कब तक भुगतान कर दिया जायेगा ? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण सिंह जतंवाल<br>21–05–2002 | 31. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नैनीताल क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिनांक 23 मार्च, 2002 को कोई ज्ञापन माननीय सदस्य का प्राप्त हुआ था ? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ? यदि नही, तो क्यों ? | सामान्य शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>22–05–2002 | 32. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमाँऊ तथा गढवाल मण्डल में चाय का कारखाना लगाये जाने का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है ? क्या यह सत्य है कि कुमाँऊ मण्डल विकास निगम ने जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत धनपुर, रानीगढ़ बछणास्यूँ, बडमा, बांगर तथा लस्या पट्यिों का सर्वे कर चाय की खेती के लिए उपयुक्त पाया ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर चाय की खेती शुरू करवायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | तृतीय मंगलवार के अता0 2 में स्था0 |
| श्री शहजाद<br>21–05–2002 | 33. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किसानों को निजी नलकूप लगाये जाने के लिए, विद्युत कनेक्शन पर कोई अनुदान दिए जाने की योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो योजना क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>24–05–2002 | 34. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तिलवाड़ा जनपद रूद्रप्रयाग में ट्राईसेम प्रशिक्षण केन्द्र कब बना था ? इसका प्रयोग किस प्रकार किया जा रहा है ? | तृतीय मंगलवार के अता0 3 में स्था0 |
| श्री प्रकाश पंत<br>09–05–2002 | 35. क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बार्डर एरिया डेवलेपमेन्ट प्रोग्राम के माध्यम से किन–किन जनपदों तथा कितने विकास खण्डों में विकास कार्य किये जा रहें हैं ? अब तक इन विकास कार्यों में कितनी प्रगति हो चुकी है ? क्या विकास के लिए उपलब्ध धनराशि से वाहन भी क्रय किए गये हैं ? यदि हाँ, तो इन वाहनो की क्या उपयोगिता है ? | नियोजन |

# नत्थी "घ"

कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 06 जून, 2002 की बैठक में दिनांक 10 जून, 2002 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-

जून, 2002

| | |
|---|---|
| 10 सोमवार | (1) उत्तरांचल पंचायत विधेयक, 2002 पर विचार एवं पारण।<br>(2) वित्तीय वर्ष 2002-2003 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |

(नत्थी "ङ")

**प्रीतम सिंह**
*मंत्री*
पंचायतीराज, ग्रामीण अभियन्त्रण
खेलकूद, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी

उत्तरांचल शासन

678766 - (कार्यालय)
677900 - (फैक्स)
652216 - (आवास)
कक्ष सं0 : 52-46
विधान भवन , देहरादून

सं०........................................

दिनांक........................................

सेवा में,

मा0 अध्यक्ष,
विधान सभा,
उत्तरांचल।

महोदय,

उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम,1947 में किसी बात के होते हुए भी विशेष परिस्थितियों में अथवा लोकहित में किसी ग्राम पंचायत का सगंठन उसके कार्यकाल के अवसान पूर्व निर्वाचन कराना सम्भव नही है। वहां एतदर्थ प्रशासक नियुक्त करने सम्बन्धी एक अध्यादेश श्री राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित किया गया था । जिसका शीर्षक उत्तरांचल पचांयत अध्यादेश 2002 था अब उक्त अध्यादेश का प्रतिस्थानी विधेयक उत्तर प्रदेश पचांयतीराज अधिनियम, 1947 (उत्तरांचल सशोंधन) विधेयक,2002 अधिनियम बनने हेतु पुरः स्थापित किया जा रहा है। चूंकि इस विधेयक के माध्यम से उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम,1947 के उपबन्ध में उत्तरांचल के परिपेक्ष्य में एक नई उपधारा जोडी जा रही है। अतः प्रतिस्थानी विधेयक का शीर्षक उपरोक्तानुसार परिवर्तित किया जा रहा है।

भवदीय,

( प्रीतम सिहं )